**भारत सरकार**

**भारी उद्योग मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 279**

**19 जुलाई, 2022 को उत्तर के लिए नियत**

**एचईसी का पुनरुद्धार**

**279. श्री संजय सेठ:**

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का विचार रांची स्थित सरकार के एक बहुत पुराने संस्थान हैवी इंजीनियरिंग कार्पोरेशन (एचईसी) लिमिटेड का पुनरुद्धार करने का है क्योंकि कई प्रकार के निर्माण और उत्पादन कार्यों से जुड़ा यह संगठन इन दिनों बुरे दौर से गुजर रहा है,

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान एचईसी द्वारा प्राप्त की गई उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है;

(ग) वर्तमान में एचईसी में कितने कर्मचारी कार्यरत हैं और उनके सुरक्षित भविष्य के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं; और

(घ) क्या सरकार ने एचईसी के पुनरुद्धार के संबंध में किसी पैकेज की घोषणा की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**भारी उद्योग राज्य मंत्री**

**(श्री कृष्ण पाल गुर्जर)**

(क): जी, नहीं। इस समय, हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन (एचईसी) लिमिटेड के पुनरुद्धार का कोई प्रस्ताव भारत सरकार के विचाराधीन नहीं है।

(ख): पिछले तीन वर्षों के दौरान एचईसी का निष्पादन/उपलब्धियां इस प्रकार हैं-

| वित्त वर्ष | कारोबार (करोड़ रुपये) | शुद्ध लाभ/हानि (करोड़ रुपये) |
|---|---|---|
| 2018-19 | 356.21 | -93.67 |
| 2019-20 | 132.68 | -405.37 |
| 2020-21 | 202.76 | -175.78 |

(ग): 31.03.2022 की स्थिति के अनुसार, एचईसी में 1295 नियमित कर्मचारी कार्यरत थे। पिछले दो दशकों के दौरान, एचईसी कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए भारत सरकार द्वारा पांच पुनरुद्धार पैकेज स्वीकृत किए गए थे।

(घ): भारत सरकार द्वारा वर्ष 2017 में एचईसी के लिए एक पुनरुद्धार पैकेज को निम्नानुसार स्वीकृत किया गया था:

(i) झारखंड सरकार को 675.43 एकड़ भूमि का 742.98 करोड़ रुपये में हस्तांतरण और इस राशि का सांविधिक देय राशियों और अन्य देनदारियों के परिसमापन के लिए उपयोग।

(ii) पूंजीगत लाभ कर देयता को पूरा करने के लिए एचईसी को पूर्व में स्वीकृत 182.43 करोड़ रुपये में से 99.96 करोड़ रुपये की अव्ययित शेष राशि का उपयोग एकबारगी अनुदान के रूप में करना।

*****